राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम - हिंदी
पाठ - 17 : पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ
कार्यपत्रक - 17

1. दो पीढ़ियों के अन्तर को इस पाठ में अलग तरीके से प्रस्तुत किया गया है। आप इस मुद्दे को किस रूप में प्रस्तुत करना चाहेंगे और क्यों?

2. "व्यंग्य विधा भावाभिव्यक्ति की एक सशक्त विधा है।" उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

3. 'दो पीढ़ियों की कलागत मूल्यों पर बहस चल रही थी।' पाठ के इस विचार को आप आज के युग में कितना प्रासंगिक मानते हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

4. व्यंग्य रचना दो पीढियों के द्वंद्व को प्रस्तुत करने में कहाँ तक सफल हुई है? स्पष्ट कीजिए।

5. इस पाठ के शीर्षक के बारे में आपकी क्या राय है? कारण सहित प्रस्तुत कीजिए।

6. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' वास्तव में साहित्यिक क्षेत्र के वृद्धों और युवकों की मानसिकता को हमारे समक्ष प्रस्तुत करती है? इस कथन को स्पष्ट कीजिए।

7. 'पीढ़ियाँ और गिट्टियाँ' की भाषा क्या व्यंग्य विधा के अनुरूप है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

8. पाठ के प्रारंभ में सशक्त तरीके से वृद्ध साहित्यकारों पर व्यंग्य किया गया है। सोदाहरण प्रस्तुत कीजिए।

9. व्यंग्य के तत्वों के आधार पर यह पाठ कितना खरा उतरा है? सिद्ध कीजिए।

10. दो पीढियों के संघर्ष की समस्या के समाधान के लिए आप कौन-कौन से सुझाव देना चाहेंगे?